पति को जान से मारने का प्रयास करने वाली पत्नी-प्रेमी सहित तीन गिरफ्तार

पति को जान से मारने का प्रयास करने वाली पत्नी-प्रेमी सहित तीन गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले की चंदवाजी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेमी के साथ मिलकर पति को जान से मारने का प्रयास करने के मामले में पत्नी,प्रेमी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से पोटेशियम दवा

- **पोटेशियम दवा भरी दो सीरिंज, खाली इंजेक्शन व वारदात प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त**

भरी दो सिरिंज,खाली इंजेक्शन व वारदात प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उप महानिरीक्षक (जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक) आनंद शर्मा ने बताया कि जयपुर ग्रामीण जिले की चंदवाजी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेमी के साथ मिलकर पति को जान से मारने का प्रयास करने के मामले में मनीषा गुर्जर (26)निवासी चंदवाजी जिला जयपुर हाल जमवारामगढ़ जिला जयपुर, उसके प्रेमी पवन कुमार पाठक (37) निवासी महुआ जिला दौसा और अनुज शर्मा (30) निवासी खेरली जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पोटेशियम दवा भरी दो सिरिंज,खाली इंजेक्शन व वारदात प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद की है।

चंदवाजी थाना पुलिस ने पति को जान से मारने का प्रयास करने के मामले में पत्नी,प्रेमी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

चंदवाजी थानाधिकारी हीरालाल सैनी ने बताया कि चार मई की रात निम्स अस्पताल से सूचना मिली थी कि अस्पताल में भर्ती मरीज देवनारायण के दो अज्ञात व्यक्तियों की ओर से वार्ड में आकर इंजेक्शन लगाने का प्रयास किया गया है जिनको पकड़ रखा है। सूचना पर पुलिस निम्स अस्पताल पहुंची, जहां पर निम्स अस्पताल स्टाफ व गार्ड द्वारा पकड़े गये व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तो निम्स अस्पताल में भर्ती मरीज देवनारायण गुर्जर को रात्री तीन बजे बाद एक नर्सिंग कर्मी की ड्रेस में आये युवक द्वारा इंजेक्शन लगाने का प्रयास करने के बारे में बताया। दोनों संदिग्ध व्यक्ति पवन कुमार पाठक और अनुज शर्मा से डिटेन कर पूछताछ में सामने आया कि दोनों ने ही महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर में नर्सिंग कर्मी है। वहीं आरोपी पवन कुमार पाठक व अनुज शर्मा के निम्स अस्पताल में भर्ती मरीज देवनारायण से कोई सम्बन्ध नहीं होना व ना ही कोई आपसी रंजिश होना पाया गया। साथ ही आरोपी पवन कुमार पाठक का अस्पताल में भर्ती मरीज देवनारायण की पत्नी मनीषा से एक वर्ष से प्रेम सम्बन्ध होना सामने आया।

आरोपित मनीषा अपने पति देवनारायण को रास्ते से हटाने के लिए पवन कुमार पाठक से मिलकर पोटेशियम का हेवी डोज इंजेक्शन देकर मारने की योजना बनाई। ताकि अस्पताल में भर्ती मरीज की इलाज के दौरान ही मृत्यु हो जाये और वह मृत्यु बिमारी के कारण साधारण मृत्यु लगे। ताकि किसी पर कोई संदेह नहीं हो ।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि देवनारायण को अपने रास्ते से हटाने के लिए आरोपी पवन कुमार पाठक ने इस कार्य में मदद के लिये अपने दोस्त अनुज शर्मा के मार्फत पोटेशियम के इंजेक्शनों की व्यवस्था की थी।

ड्यूटी पर तैनात मेडिकल ऑफीसर से पोटेशियम के इंजेक्शनों के बारे में जानकारी करने पर सामने आया कि किसी मरीज के शरीर में पोटेशियम की कमी होने पर इंजेक्शन को लिक्विड के साथ काफी धीमी मात्रा में मरीज को डॉक्टर की निगरानी में दिया जाता है। लेकिन यदि इस इंजेक्शन को सीधा ही कैनुला से मरीज के शरीर में इंजेक्ट कर दिया जाता तो कुछ ही मिनटों में मरीज का हार्ट रूक जाता है तथा उसकी निश्चित तौर से मृत्यु हो जाती है। जो साईलेन्ट हार्ट अटैक जैसी होती है।

ई-रिक्शा सहित दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने बजाज नगर और मानसरोवर थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन वाहन चोरों को

- **दो चुराए गए ई-रिक्शा सहित एक दुपहिया वाहन जब्त**
- **फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।**

गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के पास से दो चुराए गए ई-रिक्शा सहित एक दुपहिया वाहन जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि सीएसटी ने बजाज नगर और मानसरोवर थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शातिर चोर यशराज शर्मा निवासी आमेर रोड जयपुर ,रामबाबू जोशी निवासी भांकरोटा जयपुर और कुलदीप राव उर्फ गोलू निवासी भांकरोटा जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने चोरी के दो ई-रिक्शा और एक दुपहिया वाहन (बाइक) जब्त की है। गिरफ्तार आरोपित वाहनों की रेकी करते है और फिर मौका पाकर वाहन चोरी कर ले जाते है। तीनों ही आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

सार-समाचार

संदीप कोठारी ने की पीएम मोदी से भेंट

जयपुर। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के उपाध्यक्ष संदीप कोठारी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लोरेंको से नई दिल्ली में भेंट हुई। इस दौरान वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों, विशेष रूप से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों पर चर्चा के साथ ही मेडिकल टूरिज्म पर बात की गई। संदीप कोठारी ने बताया कि इस भेंट से भविष्य में गुणवत्तापूर्ण ऑन्कोलॉजी सेवाओं की सुलभता बढ़ाने हेतु अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए द्वार खुलने की संभावना प्रबल हुई है। बीएमसीएचआरसी का सदैव प्रयास रहा है कि वह कैंसर जैसी घातक बीमारियों के विरुद्ध लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाए। संदीप कोठारी की यह भेंट बीएमसीएचआरसी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

डॉ.महेश मिश्रा सम्मानित

जयपुर। जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल मे श्वास रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ महेश मिश्रा को दिल्ली मे आयोजित इंडियन एसोसिएशन ऑफ ब्रोंकोलॉजी के 27 वार्षिक सम्मेलन मे प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह फेलोशिप ब्रोंकोस्कोप के क्षेत्र अभिनव योगदान देने वालों को दी जाती है। ब्रोकोस्कोप से लंग्स की बीमारियों का निदान करके उपचार किया जाता है, जिनमे मुख्य लंग के कैंसर, विभिन्न तरह इन्फेक्शन जिनमे टीबी, निमोनिया, कफ का इकट्ठा होना जैसी बीमारिया शामिल है। इसके अलावा यह श्वांस नाली को बड़ा करने और स्टंट्स डालने के काम मे आता है। इस क्षेत्र मे महत्वपूर्ण योगदान के लिए डॉ मिश्रा को सम्मानित किया गया है।

आरना शर्मा विजेता बनीं

जयपुर। शहर की इंडिया इंटरनेशनल स्कूल की 8वीं कक्षा की आरना शर्मा यूएनएचआरसी श्रेणी में विजेता बनीं। आरना ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) समिति में हिस्सा लेते हुए वैश्विक स्तर पर लिंग आधारित हिंसा के महत्वपूर्ण मुद्दे को गहराई से उठाया। साथ ही उन्होंने असाधारण समझ और वाक्पटुता का प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि शहर के विभिन्न स्कूलों के लगभग 250 प्रतिभाशाली युवा छात्रों ने बहुप्रतीक्षित एमयूएन जूनियर कार्यक्रम के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर बहस में उत्साह से हिस्सा लिया था। बौद्धिक चर्चा और कूटनीतिक उत्साह के माहौल में आरना ने जटिल अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रति रुचि और गहरी समझ को दर्शाया। उनके व्यावहारिक विश्लेषण, सुस्पष्ट और व्यावहारिक समाधानों ने निर्णायक मंडल को गहराई से प्रभावित किया। एमयूएन जूनियर मंच ने युवा छात्रों को राजनयिकों की भूमिका निभाने, अपने शोध, सार्वजनिक बोलने और बातचीत कौशल को निखारने और वैश्विक चुनौतियों की गहरी समझ विकसित करने का अवसर प्रदान किया।

एसपीजी का मिलन समारोह आयोजित

जयपुर। सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रिवांस, (एसपीजी), जयपुर के अध्यक्ष प्रो. बी. डी. रावत ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति वार्षिक आम बैठक एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. गोविंद रावत (एडवोकेट), सचिव, एसपीजी, जयपुर ने बताया कि इस बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अब नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। राजस्थान के प्रमुख समाज सेवी एल.एल.गुप्ता, द्रोपती देवी, किशन अवतार खंडेलवाल, माया देवी, अमित, अंकित, गुंजन रावत, गिर्राज देवी, विजय लक्ष्मी, प्रेमकांत, दक्षेश, दर्श, सोनल पटोदिया, अनुज, सीए प्रियंका कट्टा, हर्षित को नियुक्त किया गया। प्रो. बी. डी. रावत ने बताया कि एसपीजी पिछले 22 वर्षों से राजस्थान में सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, महिला सशक्तिकरण, बच्चों की शिक्षा के सुधार के लिए आक्रामक रूप से काम कर रहा है।

विद्यालय पहुंचा नया फर्नीचर

जयपुर। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान ने नैक आरसीएम कंपनी के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोपालगढ़ को नये फर्नीचर एवं ग्रीन बोर्ड्स की सौगात दी है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को बेहतर शैक्षिणक वातावरण और सुविधाजनक बैठने की व्यवस्था प्रदान करना है।

डिशटीवी वॉचो का ओटीटी कंटेंट स्पेस अब सभी के लिए उपलब्ध

जयपुर। डिशटीवी इंडिया लिमिटेड ने अब अपने वॉचो ऐप पर एक एक्सक्लूसिव डिजिटल कंटेंट सेगमेंट "फ्लिक्स" लॉन्च करके ओटीटी स्पेस में क्रांति ला दी है। वेव्स 2025 में इस सेगमेंट का आधिकारिक तौर पर अनावरण हुआ। डिशटीवी की ओर से उठाया गया का यह कदम एक ऐसा विशेष इनोवेशन है जिसका उद्देश्य कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन को सभी के लिए उपलब्ध कराना है ताकि भारत के सभी कंटेंट क्रिएटर्स के साथ-साथ दुनिया भर के कंटेंट क्रिएटर्स को अपना कंटेंट प्रदर्शित करने और कमाई करने का मौका मिल सके।

मोबाइल चोर गैंग के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। सिंधी कैंप थाना पुलिस ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी करने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यात्रियों को धारदार हथियार दिखाकर डरा-धमकाकर मोबाइल और कीमती सामान चुराते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार स्मार्टफोन और एक धारदार कटर बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी करने वाले चोर गिरोह आरोपी 24 वर्षीय ताहिर निवासी संजय कॉलोनी भट्टा बस्ती और 22 वर्षीय मोनू सिंह जैत मथुरा यूपी हाल सिरसी रोड बिंदायका को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कबूल किया कि वह बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन के आसपास यात्रियों की नींद या असावधानी का फायदा उठाकर मोबाइल व अन्य कीमती सामान चोरी कर लेते हैं। विरोध करने पर नुकीले हथियार दिखाकर डराते हैं और भाग जाते हैं। आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न थानों में पूर्व में भी दर्जनों आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अन्य मामलों की भी जांच कर रही है। (उपनिरीक्षक) थानाधिकारी श्याम सुन्दर ने बताया कि सिंधीकैम्प निवासी गुड्डू पेंटर ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि वह 4 मई की रात बस स्टैंड के वेटिंग रूम में सो रहा था। तभी 3-4 युवक वहां पहुंचे और उसके मोबाइल (रियलमी कंपनी) के साथ-साथ मोबाइल कवर में रखे 6 हजार रुपये चुरा लिए। जब उसने विरोध किया तो एक युवक ने उसके हाथ की अंगुली काट ली और लोहे का नुकीला हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने ईयरफोन भी छीन लिया और भाग निकले। इस पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया और फिर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों ताहिर और मोनू सिंह को गिरफ्तार किया।



सिंधी कैंप थाना पुलिस ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जयपुर सेंट्रल जेल में फिर मिला मोबाइल

जयपुर। लाल कोठी थाना इलाके में स्थित जयपुर सेंट्रल जेल में एक बार फिर मोबाइल मिलने का मामला सामने आया है। मोबाइल के साथ ही चार्जिंग केबल, चार्जर और ईयर फोन भी मिले हैं। इन्हें जब्त कर लिया गया है। मोबाइल मिलने की घटना के बाद जेल में हड़कंप मच गया। पूरे मामले को लेकर जेल प्रशासन ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। लालकोठी थानाधिकारी बन्नालाल ने बताया कि जयपुर सेंट्रल जेल के प्रहरी की रिपोर्ट पर थाने में प्रिजनर्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसकी जांच की जा रही है।

थानाधिकारी बन्नालाल ने कहा कि जेल प्रहरी राजवीर सिंह ने इस घटना को लेकर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि पांच मई की रात को गश्त के दौरान मोबाइल, चार्जर, चार्जिंग केबल और ईयर फोन मिले हैं।इन्हें जब्त कर लिया।

उन्होंने बताया कि जेल कर्मचारियों को गश्त के दौरान चार सफेद रंग की डाटा केबल, एक काले रंग की डाटा केबल, दो नग ईयर फोन, तीन सफेद रंग के चार्जर और एक मोबाइल (बैटरी सहित) मिले है।

घर में फैले करंट से एक बच्चे की मौत

जयपुर। कोटखावदा में घरों करंट फैलने से एक बच्चे की मौत हो गई। एक अन्य बच्चा झुलस गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। इस पर जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसी तरह परिजनों को समझा-बुझाया। इसके बाद परिजनों ने शव को उठाकर प्रदर्शन समाप्त कर दिया। परिजनों ने करीब 5 घंटे तक प्रदर्शन किया।

पुलिस के अनुसार घटना कोटखावदा के रूपाहेड़ी गांव स्थित गुणी तोड़ा की ढाणी में हाई वोल्टेज लाइन डीपी से टच हो गई। जिससे छह घरों में हाई वोल्टेज करंट फैल गया। हादसे में दो किशोर झुलस गए। जिनमें से एक की मौत हो गई। करंट दौड़ने से अनीशा सैनी (16) और दूल्हाराम (17) पुत्र धन्नालाल सैनी झुलस गए। दोनों को कोटखावदा सीएचसी ले जाया गया। गंभीर हालत में दूल्हाराम को जयपुर रेफर किया गया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। दूल्हाराम नौ बहनों में इकलौता भाई था। मृतक के चाचा ग्यारसी लाल ने बताया कि सीएचसी में ड्यूटी डॉक्टर नहीं मिलने से घायलों के इलाज के लिए काफी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। बाद में दूल्हाराम को अस्पताल में मौजूद नर्सिंग अधिकारियों ने प्राथमिक उपचार देकर जयपुर रेफर किया। वहीं अनीशा को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई। ग्रामीण शव रखकर कोटखावदा सीएचसी के सामने धरने पर बैठ गए है। लोगों ने डॉक्टर और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। सीएचसी के सामने चाकसू दौसा स्टेट हाईवे पर जाम लग गया। मौके पर कोटखावदा और चाकसू थाने का पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। ग्रामीण मृतक के परिजनों को 50 लाख,घायलों को 10 -10 लाख रुपए के मुआवजे, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, घटना के वक्त अस्पताल से गैर मौजूद डाक्टर्स को निलंबित करने और बिजली विभाग के लापरवाह अधिकारियों का निलंबित करने की मांग की थी। पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने परिजनों से समझाइश की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया।

जेडीए ने दो स्थानों पर सैट बैक में अवैध निर्माण करने पर सील किया

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-9 में सैण्ट्रल स्पाईन, जगतपुरा के भूखण्ड संख्या 33 में सैटबैक बायलॉज का गंभीर उल्लंघन कर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ किये गये अवैध निर्माण की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। साथ ही श्रीनाथ नगर के भूखण्ड संख्या 13 में सैटबैक बायलॉज का गंभीर उल्लंघन कर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ किये गये अवैध निर्माण की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-9 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सैण्ट्रल स्पाईन,जगतपुरा के भूखण्ड संख्या 33 में सैटबैक बायलॉज का गंभीर उल्लंघन कर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बेसमेन्ट 3 मंजिला 2 अवैध बिल्डिंग का निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज उक्त व्यवसायिक अवैध बिल्डिंग के प्रवेष द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से शटर पर ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जेडीए द्वारा जोन-9 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित श्रीनाथ नगर के भूखण्ड संख्या 13 में सैटबैक बायलॉज का गंभीर उल्लंघन कर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज उक्त व्यवसायिक अवैध निर्माण के प्रवेष द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटों की दीवारों से चुनवाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-9 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

कुत्ते के टकराने से बाइक गिरी, सिर में चोट लगने से व्यक्ति की मौत

जयपुर। अशोक नगर थाना इलाके में स्थित भाजपा कार्यालय के पास सोमवार देर रात कुत्ते से टकराकर बाइक गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जांच में सामने आया कि बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था और हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस साउथ कर रही है।

पुलिस के अनुसार 22 गोदाम मस्जिद के पीछे सी स्कीम निवासी 48 वर्षीय शेख मोहम्मद सलीम अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करता था। वह रात को अपने घर से चौमू हाउस कोई सामान लेने जा रहा था। जहां भाजपा कार्यालय के पास उसकी बाइक के सामने कुत्ता आ गया। कुत्ता से टकराकर उसकी बाइक गिर गई। सलीम सड़क पर सिर के बल गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृग इत्तला पर थाना पुलिस एसएमएस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दी।

जांच अधिकारी एसआई राजेंद्र सिंह ने बताया कि शेख मोहम्मद बाइक लेकर बाजार जा रहा था अचानक सामने आए कुत्ते से टकराकर उसकी बाइक गिर गई। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। अगर उसने हेलमेट पहना होता तो उसके सिर में गंभीर चोट नहीं आती। ऐसे में आमजन को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनना चाहिए।

चलती ट्रेवलर बस में लगी आगू

जयपुर। दौलतपुरा थाना इलाके में मंगलवार शाम हाईवे में एक चलती ट्रैवलर बस में अचानक आग लग गई। समय रहते चालक व उसके साथी ने ट्रेवलर बस से कूद कर जान दे दी। आग ने कुछ ही समय में पूरी बस को चपेट में ले लिया। आग से बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंच दमकल ने आग पर काबू पाया।

चोरों ने घर पर किया हाथ साफ

जयपुर। दौलतपुरा थाना इलाके में चोर एक सूने मकान में घुसकर बदमाश लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चोरी कर ले गए। बताया जा रहा है कि परिवार के सवामणी में गया था। इस दौरान चोर मेन गेट का लॉक तोड़कर घर में घुसे। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगालने के साथ चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि गणेश विहार में रहने वाले राजेश सिंह ने मामला दर्ज करवाया है कि एक मई को वह परिवार सहित सवामणी में गए थे। पीछे से चोरों ने चोरी की नीयत से सूने घर को निशाना बना कर लॉक तोड़कर अंदर घुसे। अलमारी व बक्सों के लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात और 75 हजार रुपए चोरी कर ले गए।

शेयर मार्केट में नौकरी दिलाने के नाम पर लूटपाट करने वाले गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने सिंधी कैंप थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए शेयर मार्केट में नौकरी दिलाने के नाम पर अपहरण कर लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को धर-दबोचा है। जिसमें एक सदर थाना हिस्ट्रीशीटर है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि सीएसटी ने सिंधी कैंप थाना इलाके में लूटपाट की वारदात करने वाले सोहेल खान उर्फ गुरु उर्फ सोहेल हसनपुरा निवासी सदर जयपुर और मानवेंद्र सिंह निवासी शास्त्री नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसमें सोहेल खान सदर थाना हिस्ट्रीशीटर है। दोनो ही आरोपियों के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है।

जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला टीम ने सिंधी कैंप थाना इलाके में शेयर मार्केट में नौकरी दिलाने के नाम पर अपहरण कर लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि सिंधी कैंप थाने में 22 नवम्बर 2024 को परिवादी समीर खान निवासी चुरू ने मामला दर्ज कराया था कि 14 नवम्बर 2024 को श्याम नामक व्यक्ति ने शेयर मार्केट में नौकरी दिलाने का मैसेज किया।

जिस पर वह वह अपने दो दोस्तों के साथ 20 नवम्बर को जयपुर आया। जहां सिन्धी कैम्प थाने के पास से श्याम नामक व्यक्ति ने उनको गांडी में बैठा कर दौलतपुरा टोल की तरफ सुनसान जगह लेकर गये। वहां उनके 10-15 साथी और आ गए। जिन्होंने डरा धमका कर उनके रुपये छीन लिए और साथ ही जान से मारने की धमकी देकर घर से 4 लाख 50 हजार रुपये की यूएसडीटी करवा ली। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर छोड फरार हो गए। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित करते हुए पकडा।